पत्रांक –

प्रेषक,

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

मुज0, दिनांक 17 सितम्बर 2015

विषय :– श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल, मुजफ्फरपुर के चाहरदीवारी निर्माण हेतु अतिक्रमण मुक्त भूमि उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंग :– उप महाप्रबंधक (परि0) के पत्रांक – BSMICL/80035/04–2014/ 1382 दिनांक – 22.08.2015 एवं पत्रांक – 1506/ दिनांक – 04.09.2015 ।

महाशय,

उपरोक्त प्रासंगिक पत्रों के संदर्भ में सूचित करना है कि संवेदक को जो भूमि अतिक्रमण मुक्त उपलब्ध कराया गया था, संवेदक द्वारा उस पर चाहरदीवारी का निर्माण पूरा करा दिया गया है, शेष अतिक्रमित भूमि पर आज तक चाहदीवारी का निर्माण कार्य बन्द है। जबकि उक्त कार्य माननीय उच्च न्यायालय से आच्छादित है। जिसे शीघ्र पुरा कराना अतिआवश्यक है। जिसके लिए मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल की आवश्यकता है।

अतः प्राप्त पत्र की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए आपसे अनुरोध है कि जल्द–से–जल्द संवेदक को अतिक्रमण मुक्त भूखंड उपलब्ध कराने हेतु समुचित कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे, एवं की गई कार्रवाई से अधोहस्ताक्षरी एवं उप महाप्रबंधक (परियोजना) BMSICL, विस्कोमान भवन, 5th फ्लोर, गाँधी मैदान, पटना 800001 को सूचित करने का कष्ट करेंगे।

विश्वासभाजन

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांक – 1572/15 दिनांक – 17/09/15

प्रतिलिपि – 1) वरीय आरक्षी अधीक्षक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए अनुरोध है कि इस संस्थान के शेष अतिक्रमण हुए भूमि को अबिलम्व खाली कराने हेतु अपने स्तर से उचित कार्रवाई करने का कष्ट करेंगे।

2) श्री अर्जुन मिश्रा, उप महाप्रबन्धक (परि0) बिहार मेडिकल सर्विसेज एण्ड इन्सट्रेक्चर कारपोरेशन लि0, विस्कोमान भवन पाँचवा तल्ला, गाँधी मैदान, पटना 800001 को उनके पत्रांक – 1382 दिनांक – 22.08.2015 एवं पत्रांक – 1506/ दिनांक – 04.09.2015 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

16/9/15

प्राचार्य,
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय,
मुजफ्फरपुर।

15/9/15